आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 22.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा– भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन–गगनयान का इस वर्ष दिसंबर में पहला उड़ान परीक्षण किया जाएगा।
- अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, वी. मुरुगेशन ने नैनीताल में कुमाऊं परिक्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की।
- चंपावत जिले में बर्ड फ्लू रोकथाम और सतर्कता के मद्देनजर पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने टनकपुर में मांस विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया।
- टिहरी जिले के नरेन्द्रनगर में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन।

गगनयान

भारत के पहले मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन– गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान इस वर्ष दिसंबर में होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक गगनयान के 80 प्रतिशत यानि लगभग सात हजार सात सौ परीक्षण हो चुके हैं। इसरो की अन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए श्री नारायणन ने कहा कि इस वर्ष आदित्य एल–1 उपग्रह से 13 टेराबिट डेटा वैज्ञानिकों को उपलब्ध कराया गया है।

पुलिस समीक्षा

अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, वी. मुरुगेशन ने पुलिस लाइन नैनीताल में कुमाऊं परिक्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न जिलों में घटित घटनाओं, अपराधों के अनावरण, आरोपितों की गिरफ्तारी और निवारक कार्यवाहियों की प्रगति का तुलनात्मक आकलन किया गया। उन्होंने महिलाओं के अपहरण सहित अन्य महिला अपराधों को गंभीरता से लेकर संवेदनशीलता के साथ विवेचना करने के निर्देश दिये। श्री मुरुगेशन ने नशे की आपूर्ति की श्रृंखला को तोड़ने के लिये कठोर निरोधात्मक कार्यवाही करने, नशा तस्करों पर पैनी नजर रखने, सभी प्रवेश द्वारों और बैरियरों पर सक्रियता के साथ लगातार चेकिंग करने के भी निर्देश दिये। साथ ही लंबित विवेचनाओं और विभागीय कार्यवाहियों को समय पर निस्तारित करने तथा विवेचनाओं में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराधों में 1–9–3–0 नंबर की क्रियाशीलता को और प्रभावी बनाने, ठगी से पीड़ित लोगों की सम्पत्ति बरामद कराने और हर मामले में ठोस कार्ययोजना तैयार करने की बात भी कही।

## गणेश जोशी

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आगामी चार और पांच सितम्बर को होने वाले चिंतन शिविर कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भाग लिया। बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों के ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान के उदयपुर में प्रस्तावित चिंतन शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी राज्यों से सुझाव आमंत्रित किए। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि यह चिंतन शिविर ग्रामीण विकास की नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ग्राम्य विकास के क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## यमुना घाटी झील

उत्तरकाशी जिले में यमुना घाटी के स्यानाचट्टी में मलबा आने से बनी झील को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, खाद्य आपूर्ति और लोक निर्माण विभाग की टीमों सहित सभी एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भी मौके पर मौजूद हैं और यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल भी स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। अंतिम समाचार दिए जाने तक झील के जलस्तर में लगभग दो फीट की कमी आई है। वहीं, संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन ने आस–पास के घरों और होटलों को पहले ही खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन द्वारा लोगों के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अनुकूल होते ही झील को खोलने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## निरीक्षण

चंपावत जिले में बर्ड फ्लू रोकथाम और सतर्कता के मद्देनजर पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने टनकपुर क्षेत्र में मांस विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयपाल प्रजापति के नेतृत्व में टीम ने दुकानों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया और विक्रेताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मांस विक्रेताओं को बर्ड फ्लू के लक्षणों और बचाव उपायों की जानकारी भी दी गई। टीम ने दुकानों में स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी मुर्गी या पक्षी में असामान्य लक्षण दिखने पर तत्काल पशु चिकित्सालय को सूचित करने के निर्देश दिए। विभाग ने दुकानदारों और नागरिकों से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की, ताकि किसी भी आपात स्थिति का समय पर सामना किया जा सके।

बैंक शिविर

टिहरी जिले में भारतीय स्टेट बैंक फकोट, नरेंद्रनगर की ओर से ब्लॉक सभागार में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में स्थानीय लोगों और स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जनधन योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लोगों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर कोई दिक्कत आ रही हो, तो वे विकास विभाग सहित लीड बैंक कार्यालय से अपनी शंकाएं दूर कर सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के उत्तरी क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना को लगभग 10 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में प्रत्येक खाते का केवाईसी करनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर इसकी अंतिम तिथि रखी गई है।

उधर, स्थानीय निवासी चंद्रिका बिजलवाण ने बताया कि उन्हें शिविर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

बदरीनाथ हितधारक बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ की स्थानीय जनता की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए लेते हुए प्रमुख सचिव, आवास और चमोली के जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 29 अगस्त को देहरादून में हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक का उद्देश्य हितधारकों की ओर से प्रस्तुत ज्ञापन और सुझावों पर सकारात्मक विचार–विमर्श करना और जनहित में निर्णय लेना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि बदरीनाथ मास्टर प्लान को इस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, ताकि विकास कार्य भी सुचारु रूप से संचालित हो सकें और स्थानीय जनता की समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिला प्रशासन सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।